# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 356 | बिजोलिया - सोमवार, 13 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


### राज्य कर्मचारियों को बड़ी सौगातः प्रमोशन में 2 साल की छूट, ग्रेच्युटी 25 लाख और 149 नए पद मंजूर

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोले कर्मचारी विकसित राजस्थान-2047 के सारथी, पदोन्नति, पेंशन और आरजीएचएस समेत कई फैसलों का ऐलान

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राज्य सरकार ने लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में कई बड़े फैसले लेते हुए पदोन्नति, पेंशन, ग्रेच्युटी, अनुकंपा नियुक्ति और नए पदों के सृजन से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि सरकार कर्मचारी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में लगातार तीन वर्षों के लिए पदोन्नति हेतु निर्धारित अनुभव में दो वर्ष की छूट देने, ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने तथा सचिवालय में 149 नए पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है। इन फैसलों से हजारों कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति के साथ बेहतर सेवा लाभ मिल सकेंगे।





मुख्यमंत्री रविवार को राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी एवं सचिवालय कर्मचारी संघ के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान का प्रत्येक कर्मचारी सुशासन की आधारशिला और विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य को साकार करने का महत्वपूर्ण भागीदार है। कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने पदोन्नति प्रक्रिया को सरल बनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत विभिन्न सेवा नियमों में संशोधन कर ऐसे कर्मचारियों को भी अनुभव में दो वर्ष की छूट का लाभ दिया जाएगा, जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में इस सुविधा का लाभ नहीं लिया है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की तर्ज पर प्रदेश में ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी गई है। साथ ही, 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को नोशनल वेतन वृद्धि का लाभ देकर पेंशन निर्धारित करने का प्रावधान भी लागू किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेंशनरों के लिए भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। 70 वर्ष की आयु पूरी करने पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भत्ता दिया जाएगा, जबकि कर्मचारी की मृत्यु होने की स्थिति में आश्रित परिवार को 10 वर्ष तक बढ़ी हुई पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा।

आरजीएचएस योजना में भी राहत देते हुए महिला एवं पुरुष कर्मचारियों को अपने माता-पिता अथवा सास-ससुर में से किसी एक पक्ष को योजना में शामिल करने का विकल्प दिया गया है। वहीं, वेतनमान से जुड़े विषयों के अध्ययन तथा आगामी 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों पर विचार के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है।

सरकार ने सेवा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण सुधारों में एक वर्ष के भीतर कर्मचारी के पद त्यागने पर उस पद को प्रतीक्षा सूची से भरने तथा सेवा अवधि के दौरान कर्मचारी के स्थायी रूप से दिव्यांग होने पर उसके आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान भी किया है। महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी सरकार ने अहम फैसले लिए हैं। अनुकंपा नियुक्ति के दायरे में अब पुत्रवधू को भी शामिल किया जाएगा। वहीं, एकल महिला कर्मचारियों को चाइल्ड केयर लीव तीन के स्थान पर छह चरणों में स्वीकृत करने तथा कार्यस्थलों पर बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए 'मुख्यमंत्री शिशु-वात्सल्य सदन' स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि शासन सचिवालय की कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 सहायक शासन सचिव, 67 सहायक अनुभाग अधिकारी और 67 लिपिक ग्रेड प्रथम सहित कुल 149 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे प्रशासनिक व्यवस्था और मजबूत होगी, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे तथा विभागीय पदोन्नति के रास्ते भी अधिक सुगम बनेंगे।

## हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से की लूट

### पति और पुत्र के अलग-अलग कमरों की बाहर से कुंडी लगाई, कान से सोने के टॉप्स छीनकर नकदी सहित बाइक से फरार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

थाना क्षेत्र के राणा जी का गुड्डा गांव में रविवार अल सुबह हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने पहले महिला के पति और पुत्र के अलग-अलग कमरों की बाहर से कुंडी लगा दी, ताकि कोई बाहर निकलकर उनका विरोध नहीं कर सके। इसके बाद बरामदे में सो रही महिला को हथियार दिखाकर उसके कानों में पहने करीब आधा तोला सोने के टॉप्स छीन लिए। टॉप्स खींचने के दौरान महिला का एक कान फट गया। बदमाश घर में रखे करीब पांच हजार रुपये की नकदी लेकर मोटरसाइकिल से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार राणा जी का गुड्डा निवासी संतोष देवी पत्नी श्यामलाल शर्मा शनिवार रात घर के बरामदे में सो रही थीं। वहीं उनके पति श्यामलाल शर्मा तथा पुत्र प्रमोद शर्मा घर के अलग-अलग कमरों में सो रहे थे। रविवार अल सुबह करीब दो अज्ञात बदमाश नकाब बांधकर और हथियारों से लैस होकर घर में घुस आए। बदमाशों ने सबसे पहले पति और पुत्र के कमरों की बाहर से कुंडी लगा दी, जिससे दोनों बाहर नहीं निकल सके। इसके बाद बदमाश बरामदे में सो रही संतोष देवी के पास पहुंचे और हथियार



दिखाकर उन्हें धमकाया। महिला के विरोध करने पर बदमाशों ने उसके कानों में पहने सोने के टॉप्स जबरन खींच लिए, जिससे उसका एक कान फट गया और वह लहूलुहान हो गई। इसके बाद बदमाशों ने घर में रखे करीब पांच हजार रुपये की नकदी भी उठा ली। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। तब तक बदमाश मोटरसाइकिल से फरार हो चुके थे। ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही कांस्या चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़िता ने कांस्या चौकी में रिपोर्ट देकर बताया कि बदमाशों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है तथा अज्ञात बदमाशों की तलाश जारी है ।

## वांटेड पूर्व पार्षद की दुबई में गुंडागर्दीः पति को बंधक बना भीलवाड़ा में पत्नी से 40 लाख की फिरौती वसूलीः पूर्व पार्षद लुत्फी समेत 3 पर FIR, एक गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनीत चपलोत।** शहर के एक कारोबारी को दुबई (यूएई) में बंधक बनाकर उसकी पत्नी से 40 लाख रुपए की फिरौती वसूलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में सुभाष नगर थाना पुलिस ने पूर्व पार्षद एवं वांटेड आरोपी फजले रउफ शेख उर्फ लुत्फी, फाइनेंसर योगेश मूंदड़ा और राजू पठान उर्फ रियाज अहमद शेख के खिलाफ अपहरण, बंधक बनाकर फिरौती वसूलने तथा संगठित अपराध सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने योगेश मूंदड़ा को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी फजले रउफ शेख की गिरफ्तारी के लिए लुकआउट सर्कुलर (LOC) के जरिए दुबई पुलिस से भी समन्वय किया जा रहा है। सुभाष नगर थाना प्रभारी कैलाश चंद्र ने बताया कि पीड़ित मुकेश टेलर पिछले 21 वर्षों से दुबई में इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट और टूर-ट्रैवल्स का कारोबार करते हैं। आरोप है कि 1 जुलाई को भीलवाड़ा निवासी फजले रउफ शेख उर्फ लुत्फी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुबई में उन्हें बंधक बना लिया, मारपीट की और धमकी देकर 1.70 लाख दिरहम के चार चेक जबरन हस्ताक्षर करवा लिए।



योगेश मूंदड़ा



फजले रऊप शेख

आरोपियों ने इसके बाद मुकेश टेलर से उनके ससुर को फोन करवाकर 40 लाख रुपए की मांग की। इसी दौरान योगेश मूंदड़ा और राजू पठान भीलवाड़ा स्थित पीड़ित के घर पहुंचे और उनकी पत्नी से 40 लाख रुपए का चेक ले लिया। पुलिस के अनुसार, चेक मिलने की सूचना के बाद दुबई में मुकेश टेलर को छोड़ दिया गया।

शुक्रवार देर रात मुकेश टेलर भीलवाड़ा लौटे और शनिवार को पत्नी के साथ सुभाष नगर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए योगेश मूंदड़ा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली। वहीं राजू पठान की तलाश में टीमें दबिश दे रही हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरोपी फजले रउफ शेख पहले से ही कई मामलों में वांछित है और उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित है। उसके खिलाफ पहले से जारी लुकआउट सर्कुलर के आधार पर दुबई पुलिस की मदद से गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## 3 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा डोडा तस्करी का आरोपी, नाकेबंदी तोड़ पुलिस पर चढ़ाई थी कार

### 2023 में तत्कालीन थानाधिकारी उगमाराम बेनीवाल के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान हुआ था हमला, उसी रात 98 किलो डोडा चूरा भी हुआ था बरामद

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

करीब तीन साल पहले बिजोलिया थाना क्षेत्र में पुलिस की नाकेबंदी तोड़कर पुलिसकर्मियों पर कार चढ़ाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी गुरविंदर सिंह उर्फ मिन्टू उर्फ मिन्टा (38) निवासी कांगथला (रहीमपुर), थाना पातड़ा, जिला पटियाला (पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा, आपराधिक षड्यंत्र और आर्म्स एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज था।

थानाधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि जून 2023 में दर्ज इस प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ धारा भारतीय दंड संहिता तथा आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पंजाब का सजायाफ्ता अपराधी है। इस प्रकरण में इससे पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश अभी भी जारी है।

### तत्कालीन थानाधिकारी उगमाराम बेनीवाल के नेतृत्व में लगी थी नाकेबंदी

पुलिस के अनुसार यह पूरा घटनाक्रम जून 2023 का है। उस समय तत्कालीन बिजोलिया थानाधिकारी उगमाराम बेनीवाल के नेतृत्व में केसरगंज कट पर संदिग्ध वाहनों की सघन नाकेबंदी की जा रही थी। इसी दौरान लाड़पुरा की ओर से जयपुर नंबर की एक संदिग्ध स्विफ्ट कार आती दिखाई दी। पुलिस ने वाहन को रुकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने वाहन रोकने के बजाय नाकेबंदी में तैनात पुलिसकर्मियों पर ही कार चढ़ाने का प्रयास कर दिया। पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए और आरोपी तेज रफ्तार से नाकेबंदी तोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद तत्कालीन थानाधिकारी उगमाराम बेनीवाल ने पुलिस पर जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, नाकेबंदी तोड़ने तथा अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया था।



### डाबी पुलिस ने घेरा, कार छोड़कर जंगल में भागे तस्कर

घटना की सूचना तत्काल बूंदी जिले के डाबी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डाबी थाना पुलिस ने सूतड़ा गांव के पास ए-श्रेणी की नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहन की निगरानी शुरू कर दी। कुछ देर बाद तेज रफ्तार स्विफ्ट कार वहां पहुंची, लेकिन पुलिस को सामने देखकर आरोपी घबरा गए और कार सड़क पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर फरार हो गए। डाबी पुलिस ने देर रात तक जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका।

### कार से बरामद हुआ था 98 किलो डोडा चूरा

पुलिस ने जब संदिग्ध कार की तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक के कट्टों में भरा 98 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ। इसके बाद डाबी थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी, जबकि बिजोलिया थाना पुलिस ने पुलिस पर जानलेवा हमला और नाकेबंदी तोड़ने के मामले में अलग प्रकरण दर्ज किया था।

### तीन साल तक बचता रहा आरोपी, आखिरकार गिरफ्तार

घटना के बाद से आरोपी गुरविंदर सिंह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और लगातार की गई तलाश के बाद पुलिस ने आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में डोडा तस्करी गिरोह और इस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

## होटल पर युवक पर चाकू से हमला, छाती में वार कर बदमाश फरार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनीत चपलोत।** जिले के पुर थाना क्षेत्र स्थित काणोली चौराहे पर रविवार को जंबो पंजाब होटल के बाहर एक युवक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घायल सत्यनारायण उर्फ सत्तू जाट (22) पुत्र हीरा जाट, निवासी राजोला ने बताया कि वह दिन में जंबो पंजाब होटल पर बैठा हुआ था। इसी दौरान कमलेश जाट, सांवर जाट सहित तीन-चार अन्य युवक वहां पहुंचे और



आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान कमलेश जाट ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे चाकू उसकी छाती में जा लगा।

हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां ट्रॉमा वार्ड में उसका उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है तथा हमले के कारणों की जांच की जा रही है।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# सोते युवक के सिर में धंसी कुल्हाड़ी, 13 घंटे बाद 3 घंटे के ऑपरेशन से निकली; जिंदगी की जंग जारी

### बारां में घर में घुसकर हमला, पत्नी की चीख से मचा हड़कंप; कोटा में न्यूरोसर्जनों ने किया जटिल ऑपरेशन, हालत नाजुक

**भीलवाड़ा फोकस @ बारां/कोटा।**

**गर्वित ।** बारां जिले में एक सनसनीखेज वारदात ने हर किसी को झकझोर दिया। देर रात घर में सो रहे 30 वर्षीय युवक पर अज्ञात हमलावर ने कुल्हाड़ी से ऐसा वार किया कि उसका फाल सिर के भीतर तक धंस गया। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले स्थानीय अस्पताल, फिर बारां और अंततः कोटा रेफर किया गया। करीब 13 घंटे तक सिर में कुल्हाड़ी फंसी रहने के बाद रविवार दोपहर तीन घंटे चले जटिल ऑपरेशन में डॉक्टरों ने उसे बाहर निकाला। फिलहाल युवक आईसीयू में भर्ती है और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

घटना भंवरगढ़ थाना क्षेत्र के आमापुरा गांव में शनिवार रात करीब दो बजे की है। रामजीलाल (30) अपनी पत्नी ममता और बेटी के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति घर में घुसा और सोते हुए रामजीलाल के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर फरार हो



गया। वार इतना तेज था कि कुल्हाड़ी सिर में ही धंस गई। घायल के चीखने की आवाज सुनकर पत्नी और परिजन जागे तो खून से लथपथ रामजीलाल को देखकर उनके होश उड़ गए।

आसपास के लोगों की मदद से घायल को पहले भंवरगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बारां जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन सिर में धंसी कुल्हाड़ी निकालना वहां भी संभव नहीं हो सका। इसके बाद रविवार सुबह करीब पांच बजे परिजन उसे कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे।

अस्पताल में जांच के बाद दोपहर करीब 3:40 बजे न्यूरोसर्जरी विभाग की टीम ने ऑपरेशन शुरू किया। न्यूरोसर्जन डॉ. एस.एन. गौतम के नेतृत्व में डॉ. कनिष्क गोयल और डॉ. अलंकार शर्मा सहित चिकित्सकों की टीम ने तीन घंटे से अधिक समय तक चले बेहद जटिल ऑपरेशन के बाद सिर में धंसी कुल्हाड़ी को सफलतापूर्वक बाहर निकाला।

चिकित्सकों के अनुसार कुल्हाड़ी दिमाग के भीतर तक पहुंचने से गंभीर चोट लगी है। हथियार के साथ जंग और गंदगी भी अंदर चली जाने से संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। ऑपरेशन के दौरान मरीज को चार यूनिट रक्त चढ़ाना पड़ा। सीटी स्कैन, लगातार गिरते रक्तचाप को नियंत्रित करना, कृत्रिम सांस की व्यवस्था करना और ट्रेकियोस्टॉमी जैसी प्रक्रियाएं इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी चुनौतियां रहीं। ऑपरेशन के बाद रामजीलाल को आईसीयू में भर्ती किया गया है।

चिकित्सकों का कहना है कि अगले पांच से आठ दिन उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। घायल की पत्नी ममता ने बताया कि हमला पूरी तरह अचानक हुआ। उनके अनुसार परिवार का किसी से कोई विवाद नहीं है। रामजीलाल ट्रैक्टर चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे में हमला किसने और किस वजह से किया, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

भंवरगढ़ थाना अधिकारी गोपीलाल आर्या ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। घायल को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर आसपास के क्षेत्रों में सर्च अभियान शुरू कर दिया गया। घायल के बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस अधिकारी को कोटा भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच तेजी से की जा रही है और हमलावर को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## व्यस्त मार्ग पर ट्रैक्टर फंसने से थमी रफ्तार, आधे घंटे तक जाम से जूझते रहे लोग

### संकरी सड़क और चढ़ाई के कारण बीच रास्ते अटका पत्थरों से भरा ट्रैक्टर, लोगों की मशक्कत से खुला रास्ता

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

कस्बे के व्यस्त मुख्य बाजार मार्ग पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब पत्थरों से भरा एक ट्रैक्टर बीच सड़क पर फंस गया। ट्रैक्टर के रुकते ही दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब आधे घंटे तक बाजार की रफ्तार थम गई। जाम के कारण स्कूल, बाजार और आसपास के क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

जानकारी के अनुसार, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल और मुख्य बाजार को जोड़ने वाले मार्ग पर चढ़ाई और संकरी सड़क होने के कारण ट्रैक्टर आगे नहीं बढ़ पाया। सड़क संकरी होने से अन्य वाहन भी निकल नहीं सके और कुछ ही देर में दोनों ओर जाम लग गया।

स्थिति बिगड़ती देख आसपास के दुकानदार, स्थानीय निवासी और राहगीर मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर ट्रैक्टर को धक्का लगाकर सड़क से हटाया और पास की एक गली में खड़ा कराया। इसके बाद धीरे-धीरे यातायात



सामान्य हो सका और लोगों ने राहत की सांस ली।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मुख्य बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती रहती है। उनका कहना है कि संकरी सड़क पर बड़े वाहनों के प्रवेश से न केवल यातायात प्रभावित होता है, बल्कि दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मुख्य बाजार मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने और उनके लिए वैकल्पिक मार्ग तय करने की मांग की है, ताकि भविष्य में बाजार क्षेत्र में इस तरह की परेशानी दोबारा उत्पन्न न हो।

## प्रधानाचार्य का तबादला निरस्त करने की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन

### मांग पूरी नहीं होने पर आज से विद्यालय में तालाबंदी की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनोहरपुरा के प्रधानाचार्य जीवन कुमार मीणा के स्थानांतरण का ग्रामीणों ने विरोध जताया है। विद्यालय के प्रशासक ने क्षेत्रीय विधायक गोपीचंद मीणा को ज्ञापन सौंपकर स्थानांतरण निरस्त कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि मांग पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आज से छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों के साथ विद्यालय के बाहर तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया कि प्रधानाचार्य जीवन कुमार मीणा के नेतृत्व में विद्यालय में शिक्षा का स्तर एवं अनुशासन बेहतर हुआ है। उनके स्थानांतरण से विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। साथ ही वर्तमान में विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर किसी अन्य अधिकारी की नियुक्ति भी



नहीं की गई है।

ग्रामीणों ने विधायक से मांग की है कि विद्यार्थियों के हित को देखते हुए प्रधानाचार्य जीवन कुमार मीणा का स्थानांतरण निरस्त कर उन्हें पुनः मनोहरपुरा विद्यालय में पदस्थापित कराया जाए, ताकि शिक्षण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांग पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो विद्यालय परिसर के बाहर तालाबंदी कर आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

## मेवाड़ गौरव सम्मान-2026 : भीलवाड़ा के मेधावी विद्यार्थियों







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**पुनित चपलोत**

पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय (एसपीएसयू), उदयपुर के तत्वावधान में सृजन मीडिया द्वारा तथा आइंस्टीन अकादमी के समन्वय सहयोग से रविवार को होटल ट्यूलिप में 'मेवाड़ गौरव सम्मान-2026' का आयोजन किया गया। समारोह में मेवाड़ अंचल के विभिन्न विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम के लिए 450 से अधिक ऑनलाइन पंजीकरण प्राप्त हुए, जबकि समारोह में 250 से अधिक विद्यार्थी एवं अभिभावक शामिल हुए। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त वैज्ञानिक एवं भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. करण सिंहवी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का आधार निरंतर परिश्रम, अनुशासन, नवाचार और सकारात्मक सोच है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। समारोह में पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. डॉ. सम्राट रे (डीन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड लिबरल स्टडीज़), डॉ. हरीश तिवारी, डॉ. मनीष तिवारी, मोहित माथुर एवं दिनेश गुर्जर उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल रहा।

## बारिश में खड़ीपुर का मुख्य मार्ग बना मुसीबत, स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश धाकड़**

उपखंड क्षेत्र के खड़ीपुर गांव का मुख्य मार्ग इन दिनों बारिश के कारण पूरी तरह जर्जर हो गया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढों में पानी भर जाने और कीचड़ फैल जाने से ग्रामीणों, राहगीरों तथा स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग गांव का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय जाते हैं। बारिश के दौरान सड़क पर फिसलन और कीचड़ होने से बच्चों के गिरने का खतरा बना रहता है। वहीं दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण शिवलाल धाकड़ का कहना है कि सचिव को कहीं बार अवगत कराया लेकिन अभी तक कार्यवाही नहीं हुई



कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को सड़क की मरम्मत कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है, जिससे लोगों में नाराजगी है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खड़ीपुर गांव के मुख्य मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराई जाए, ताकि स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और राहगीरों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## भीलवाड़ा फोकस की खबर का असरः जहाजपुर-देवली सड़क निर्माण फिर शुरू, विधायक मीणा ने किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर। ।**

**गजानंद जोशी**

लंबे समय से रुके पड़े जहाजपुर-देवली मार्ग के निर्माण कार्य को आखिरकार दोबारा गति मिल गई। क्षेत्र की प्रमुख और सर्वाधिक व्यस्त सड़कों में शामिल इस मार्ग पर शनिवार से निर्माण कार्य पुनः शुरू हो गया। सड़क निर्माण में आई सुस्ती और आमजन की परेशानी को भीलवाड़ा फोकस ने प्रमुखता से उठाया था, जिसके





बाद निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने को क्षेत्रवासी खबर का सकारात्मक असर मान रहे हैं।

विधायक गोपीचंद मीणा ने निर्माणाधीन सड़क का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदार से कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

यह सड़क जहाजपुर और देवली के बीच आवागमन का प्रमुख मार्ग है। लंबे समय से निर्माण कार्य धीमा रहने से क्षेत्रवासियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब कार्य शुरू होने से लोगों ने राहत की उम्मीद जताई है।

निरीक्षण के दौरान विधायक मीणा ने कहा कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी तथा आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम होगा। क्षेत्रवासियों ने भी निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने पर संतोष व्यक्त करते हुए समय पर कार्य पूर्ण कराने की मांग की।

## सिंगोली चारभुजानाथ मंदिर में सजा आस्था का दरबार, ठाकुरजी को अर्पित हुआ भव्य छप्पन भोग

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**

**रोशन ।** मेवाड़ की प्रसिद्ध आस्था स्थली श्री चारभुजानाथ मंदिर, सिंगोली में रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। मंदिर में भगवान श्री चारभुजानाथ का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से भव्य छप्पन भोग अर्पित किया गया। आकर्षक सजावट और विविध व्यंजनों से सुसज्जित ठाकुरजी के दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।

यह छप्पन भोग प्रह्लाद व्यास (व्यास के बड़ला), उदयपुर की ओर से श्रद्धापूर्वक अर्पित किया गया। आयोजन के दौरान दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान श्री चारभुजानाथ के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

मंदिर के पुजारी जगदीश पाराशर एवं सत्यप्रकाश पाराशर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना, राजभोग और महाआरती संपन्न कराई। फूलों की मनमोहक सजावट तथा छप्पन प्रकार के व्यंजनों से



सुसज्जित ठाकुरजी का दिव्य स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा।

महाआरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। आसपास के गांवों एवं नगरों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भजन-कीर्तन, शंखनाद और जयकारों से भक्तिमय बना रहा।



QUICK BITES

## अच्छी बारिश और क्षेत्र की खुशहाली की कामना को लेकर गांव बाहर भोजन व देव पूजन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



कस्बे सहित गेणोली क्षेत्र में रविवार को परंपरा के अनुसार गांव बाहर भोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्र में अच्छी बारिश, समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर ग्रामीणों ने विभिन्न देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भोग लगाया तथा सामूहिक रूप से भोजन किया।

कार्यक्रम के दौरान खूंट कंकाली माताजी, भगवान देवनारायण, भैरूनाथ, तेजाजी महाराज, चारभुजानाथ, नाहर सिंह, माताजी, चौथ माता एवं इंद्रदेव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में समय पर अच्छी वर्षा और किसानों की खुशहाली की प्रार्थना की गई।

सामाजिक कार्यकर्ता शंकरलाल माली, भूरालाल माली, लादूलाल माली, जगदीश माली, गणपत माली, देवलाल माली एवं लोकेश माली ने बताया कि गांव बाहर भोजन की परंपरा सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर ग्रामीण एक-दूसरे को भोजन के लिए आमंत्रित कर सामाजिक सद्भाव को मजबूत करते हैं।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में किसानों ने मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंग, उड़द, तिल एवं मूंगफली की फसलें बो दी हैं, लेकिन अब अच्छी बारिश का इंतजार है। समय पर वर्षा नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। ग्रामीणों ने इंद्रदेव से समय पर अच्छी वर्षा की कामना करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

## सुनीता कंवर राठौड़ उपभोक्ता कल्याण समिति की युवा महिला प्रदेश महामंत्री मनोनीत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान की प्रदेश स्तरीय बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए सुनीता कंवर राठौड़ को युवा महिला प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया गया। उनकी नियुक्ति पर संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अशोक जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार मारू, प्रदेश संरक्षक राजेंद्र कचोलिया, महिला प्रदेशाध्यक्ष संगीता अग्रवाल तथा युवा प्रदेशाध्यक्ष अनिल कुमार पारीक की सहमति से युवा महिला प्रदेशाध्यक्ष निशा कंवर गौड़ ने समिति के विधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह मनोनयन किया।

नवमनोनीत युवा महिला प्रदेश महामंत्री सुनीता कंवर राठौड़ ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समिति के उद्देश्यों एवं विधान के अनुरूप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी।

बैठक में प्रदेश सहसचिव पीरू सिंह गौड़, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सरगरा, जिलाध्यक्ष राजेश पाटनी, जिला सचिव कमलेश बोडाना, लता देवी सरगरा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# विहिप बजरंग दल द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा देशव्यापी 'सेवा सप्ताह' के अंतर्गत रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का भीलवाड़ा महानगर मे आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधे रोपे गए।सेवा सप्ताह कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का देशव्यापी 'सेवा सप्ताह' कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे उत्साह के साथ संपूर्ण देश में आयोजित किया जा रहा है। इसी निमित्त भीलवाड़ा महानगर के सातों प्रखंडों



द्वारा पर्यावरण को शुद्ध और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से सघन वृक्षारोपण के 21 स्थानों पर कार्यक्रम हुवे।बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने कहा कि 'बजरंग दल केवल धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय सरोकारों के लिए भी सदैव तत्पर रहता है। आज लगाए गए इन पौधों की न केवल रोपाई की गई है, बल्कि सभी कार्यकर्ताओं ने इनकी पूर्ण सुरक्षा और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वेच्छा से ली है, ताकि ये पौधे भविष्य में बड़े होकर समाज को छाया और शुद्ध ऑक्सीजन दे सकें। 'इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने आमजन से भी अपील की कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में अपना अमूल्य योगदान दें। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के चित्तौड़ प्रांत सह संयोजक अखिलेश व्यास, प्रांत धर्माचार्य कार्यकारणी सदस्य बालमुकुंद शर्मा, विभाग मंत्री विजय ओझा, महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बेहड़िया, उपाध्यक्ष भारत गैंगट, मंत्री ओम प्रकाश लड्ढा, सह मंत्री सौम्य मेहता, सुशील सुवालाका, राजकुमार माली सह संयोजक हितेश नाथ, पवन ठाकुर,दिनेश सालवी,नीलेश सोनी, अभिषेक शर्मा व कार्यकर्ताओं वरिष्ठ पदाधिकारी, सातों प्रखंडों से अध्यक्ष, मंत्री संयोजक सहित भारी संख्या में सजग कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर, कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान





भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

विधायक गोपीचंद मीणा के 15 जुलाई को मनाए जाने वाले 51वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह के तहत रविवार को गाडौली महादेव मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक गोपीचंद मीणा ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की तथा रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

शिविर में विधायक मीणा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर विधायक मीणा ने कहा कि 'रक्तदान महादान है। रक्त की एक-एक बूंद किसी जरूरतमंद के जीवन की धड़कन बन सकती है।' उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने भगवान महादेव से प्रार्थना की कि सभी पर उनकी असीम कृपा बनी रहे तथा सेवा, समर्पण और जनकल्याण के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने की शक्ति और आशीर्वाद प्राप्त होता रहे। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, युवा एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# आरोग्य भारती की प्रांतीय बैठक में स्वस्थ राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

**योग, मधुमेह प्रबंधन, गर्भ संस्कार, नशा मुक्ति और आरोग्य मित्र प्रशिक्षण पर हुआ मंथन, कार्यकर्ताओं को दिए नए लक्ष्य**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

आरोग्य भारती चित्तौड़ प्रांत की प्रांतीय बैठक रविवार को नेहरू रोड स्थित महेश छात्रावास में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों और संगठनात्मक विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में आरोग्य भारती के आरोग्य मित्र योजना के अखिल भारतीय प्रमुख एवं राजस्थान क्षेत्र तथा उत्तर क्षेत्र के संयोजक संजीवन कुमार का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए संजीवन कुमार ने कहा कि आरोग्य भारती का उद्देश्य केवल रोगों का उपचार नहीं, बल्कि समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देकर स्वस्थ राष्ट्र की अवधारणा को साकार करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के



विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण देते हुए योग, मधुमेह प्रबंधन, आरोग्य मित्र प्रशिक्षण, गर्भ संस्कार, घरेलू उपचार, संतुलित आहार, स्वस्थ दिनचर्या तथा नशा मुक्ति जैसे विषयों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए जिला, विभाग एवं प्रांत स्तर पर कार्यकर्ताओं की टोली बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सेवाएं पहुंचाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना होगा। बैठक में प्रांत संरक्षक डॉ. डी.एल. कष्ट, प्रांत अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी तथा प्रांत सचिव कैलाश सोमानी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने संगठन की आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए सेवा, संस्कार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों और विभिन्न सेवा प्रकल्पों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं को आगामी समय में किए जाने वाले कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदारियां और लक्ष्य भी सौंपे गए। बैठक का समापन स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

उपस्थित कार्यकर्ताओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचाने और आरोग्य भारती के सेवा कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।

# प्रवासी उद्योगपति संजय डांगी ने भेंट की ब्रेन साइंस लैब, शाहपुरा की शिक्षा को मिली नई दिशा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी**

शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रवासी उद्योगपति एवं समाजसेवी संजय डांगी ने आर्य समाज द्वारा संचालित श्रीमद् दयानंद महिला शिक्षण केंद्र को अत्याधुनिक ब्रेन साइंस लैब भेंट की। शनिवार को आर्य समाज परिसर में आयोजित समारोह में लैब का उद्घाटन किया गया। इस नई सुविधा से अब विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान, डिजिटल तकनीक और स्मार्ट शिक्षण का लाभ मिल सकेगा।

डांगी परिवार की ओर से संपत डांगी, सुशील डांगी एवं सुनीता डांगी ने फीता काटकर लैब का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ब्रेन साइंस लैब के माध्यम से विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, स्मरण शक्ति,




वैज्ञानिक सोच और तकनीकी समझ का विकास होगा। साथ ही उन्हें विज्ञान आधारित गतिविधियों, डिजिटल लर्निंग एवं आधुनिक उपकरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मिलेगा।

इस अवसर पर विद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले यूनिफॉर्म एवं पाठ्यपुस्तक वितरण समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के पूर्व प्रधान हीरालाल आर्य ने की। मुख्य अतिथि के रूप में संपत डांगी, सुशील डांगी एवं सुनीता डांगी उपस्थित रहे, जबकि समाजसेवी जोरावर सकलेचा एवं रमेश सोनी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यार्थियों को नई यूनिफॉर्म एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया।

समारोह में शिक्षा एवं समाज सेवा में योगदान देने वाले शंकर अग्रवाल एवं कमल मनियार सहित अन्य भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के सहयोग से ही शिक्षा संस्थान निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे हैं।

आर्य समाज के प्रधान गोपाल राजगुरु, मंत्री सुनील कुमार बेली, कोषाध्यक्ष प्रेम शारदा, उपप्रधान रामस्वरूप काबरा, सभासद ओमप्रकाश चितलांगिया, ज्ञान चेचानी, जयदेव जोशी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

अंत में संस्था प्रधान मिथलेश कंवर ने सभी अतिथियों एवं भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि ब्रेन साइंस लैब विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# भाविप स्वामी विवेकानंद शाखा की बैठक सम्पन्न, सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य का लिया संकल्प, 15 स्कूलों में होगा 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन'

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भारत विकास परिषद, शाखा स्वामी विवेकानंद की वर्ष 2026-27 की चतुर्थ कार्यकारिणी बैठक रविवार को शास्त्री नगर स्थित परिषद भवन में आयोजित की गई। वंदेमातरम् के उद्घोष के साथ सुबह 10.15 बजे शुरू हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में शाखा के विकास, आगामी सेवा कार्यों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर कई बड़े निर्णय लिए गए। बैठक में कुल 15 सदस्यों की गौरवमयी उपस्थिति रही। शाखा सचिव केजी सोनी ने बताया कि बैठक की शुरुआत में गत 14 जून को आयोजित हुई कार्यकारिणी बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया, जिसे सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। इसके बाद परिषद के सेवा कार्यों को गति देने पर विस्तृत चर्चा हुई।

**15 स्कूलों में गूंजेगा गुरु वंदन, 29 जुलाई से आगाज**

परिषद के आगामी मुख्य प्रकल्प शगुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदनश् कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। इस वर्ष का प्रथम कार्यक्रम आगामी गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई को आदर्श विद्या मंदिर, शास्त्री नगर से प्रारंभ होगा। इस सत्र में शाखा द्वारा क्षेत्र के कम से कम 15 विद्यालयों में इस गरिमामयी कार्यक्रम को आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, बैठक में सदस्यों के सदस्यता नवीनीकरण की फीस को लेकर भी चर्चा की गई और जिन सदस्यों की फीस बकाया है, उन्हें दूरभाष के माध्यम से अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

**नवाचार, 26 जुलाई को नेत्र सुरक्षा पर डॉक्टरों का उद्बोधन**

आगामी 26 जुलाई को आयोजित होने वाली चतुर्थ साधारण सभा को इस बार विशेष नवाचार के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस सभा में आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से नेत्रों की रक्षा व सावधानियां विषय पर विशेष सत्र होगा, जिसमें शनेत्र धामश् के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महत्वपूर्ण उद्बोधन दिया जाएगा।

**भवन रिनोवेशन व फिजियोथैरेपी सेंटर का विस्तार**

परिषद भवन के जीर्णोद्धार (रिनोवेशन) को लेकर भी बैठक में गंभीर मंथन हुआ। इस संबंध में पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सचिव की एक विशेष बैठक आगामी 14 जुलाई को बुलाई गई है, जिसमें प्रबंध कार्यकारिणी के साथ मिलकर आगे की कार्ययोजना तय होगी। वहीं, आमजन की सुविधा के लिए फिजियोथैरेपी सेंटर पर सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति कर दी गई है, जिससे अब यह स्वास्थ्य सेवा सप्ताह के सातों दिन सुचारू रूप से संचालित रह सकेगी।

**कुंभलगढ़ में एकदिवसीय रात्रि विश्राम व बाह्य भ्रमण**

सदस्यों के आपसी सौहार्द और मनोरंजन के लिए अगस्त माह में एकदिवसीय रात्रि विश्राम के साथ बाह्य भ्रमण का प्रस्ताव रखा गया। इसके तहत 22 और 23 अगस्त को कुंभलगढ़ भ्रमण प्रस्तावित किया गया है।

यात्रा सशुल्क रहेगी, जिसकी सूचना जल्द ही सभी सदस्यों को भेजकर उनकी स्वीकृति के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

**क्रिकेट फाइनल में पहुंची टीम, 10 गरीब परिवारों की मदद का संकल्प**

अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए भेरुलाल अजमेरा ने पूर्व में चयनित 10 गरीब परिवारों की सहायता के प्रकल्प पर भी प्रकाश डाला और इसे जल्द क्रियान्वित करने की बात कही, जिस पर सभी सदस्यों ने सहर्ष सहमति जताई। बैठक के अंत में सभी सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया, जिसके बाद सभा का शांतिपूर्ण समापन हुआ।

# सेवा और श्रद्धा का संगम, रथ यात्रा से पुर्व जगन्नाथ मंदिर में पहली बार विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



शहर के कावाखेड़ा शास्त्री नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर परिसर में आगामी 16 जुलाई को आयोजित होने वाली 24वीं रथ यात्रा के उपलक्ष्य में पहली बार विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ओंकारेश्वर स्थित मार्कंडेय आश्रम से पधारे संतश्री दया चैतन्य के सानिध्य में शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर प्रभारी विक्रम दाधीच ने बताया कि रक्तदान को लेकर युवाओं एवं मातृशक्ति में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा का संकल्प लिया। शिविर में पहली बार रक्तदान करने वालों में धरती दाधीच, अंकुर सनाढ्य, सुमित प्रजापत, काजल शर्मा, मंजू शर्मा, अभिनव चावला सहित रमेश नुवाल, राजेश चौबे, अनीता शर्मा एवं शिवराज प्रमुख रहे। शिविर का विशेष आकर्षण प्रिया आचार्य एवं महिला आचार्य दंपति द्वारा एक साथ रक्तदान करना रहा। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए समाज में मानव सेवा का प्रेरणादायक संदेश दिया। रक्त संग्रहण का कार्य केशव पोरवाल अस्पताल की टीम द्वारा किया गया। शिविर की व्यवस्थाओं में मुरलीधर लड़ा, विनोद सोनी, मंदिर अध्यक्ष शांतिलाल गुगलिया, गोपीकिशन पाटोदिया, प्रदीप आचार्य सहित महिला मंडल की मीनाक्षी तोदी, अलका मलिक, आशा सिंधी, यशोदा जी, विमला अग्रवाल, सुलोचना व्यास, मंजू कुमावत, सुशीला शर्मा, लाड बाई एवं मीनाक्षी आचार्य का विशेष सहयोग रहा। अंत में मंदिर अध्यक्ष शांतिलाल गुगलिया ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकीय टीम एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानव कल्याण का भी संदेश देती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रक्तदान जैसी जनहितकारी पहल समाज में सेवा भावना को और अधिक सशक्त बनाएगी तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

# साइबर अपराधों से बचाव का दिया संदेश, स्थापना दिवस पर भाविप ने आयोजित की संगोष्ठी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा-

मूलचन्द पेसवानी



भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शाहपुरा शाखा की ओर से साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन आदर्श विद्या मन्दिर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। पुलिस उपाधीक्षक ओपी विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह की अध्यक्षता जयदेव जोशी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप् में विद्यान व प्रोद्योगिकी के वरिष्ठ व्याख्याता महेश कुमार कोली व एसबीआई शाहपुरा के मुख्य प्रबंधक वेदप्रकाश मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत प्रधानाचार्य द्वारका प्रसाद जोशी ने किया।

शाखा अध्यक्ष पवन कुमार बांगड़ ने सभी का स्वागत करते हुए भाविप की स्थापना के उदेश्यों, आज के दौर मे उसकी आवश्यकता तथा आज के विषय पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ओपी विश्नोई ने साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकारों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा होने पर तुरंत ही भारत सरकार की ओर से जारी कॉल नंबर 1930 पर अपनी रिपोर्ट देवे तथा पुलिस को भी तत्काल सूचना देवे ताकि समय पर कार्रवाई हो सके। उन्होंने स्मार्ट फोन का उपयोग भी सावधानी पूर्वक करने पर जोर दिया।

मुख्य प्रबंधक वेदप्रकाश ने साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम के बारे में बैंक मैनजमेंट द्वारा जारी प्रोटोकॉल बताते हुए स्मार्ट फोन में कुछ सावधानियां रखने के प्रायोगिक बताते हुए फोन में सेटिंग्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा के उपभोक्ता का खाता उनके बैंक में होने पर तत्काल उनको सूचना देकर बैंक पहुंच कर निर्धारित आवेदन करके अपराधों को रोका जा सकता है। महेश कोली ने कहा कि आज हर व्यक्ति का जीवन मोबाइल से प्रांरभ हो रहा है। बिना मोबाइल के उसका रह पाना संभव नहीं हो पा रहा है। व्यक्ति मोबाइल में जो भी आदान प्रदान करता है उसका रिकार्ड ही उपराध करने वालों को सहयोग करता है। उन्होंने सावधानी बरतने के साथ साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम की रोकथाम के बारे में कई टिप्स बताये। इससे पूर्व अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर संगोष्ठि का शुभारंभ किया। पुलिस उपाधीक्षक विश्नोई ने भाविप सदस्यों द्वारा रखे सवालों का भी उत्तर दिया। संगोष्ठि में भाविप के सदस्यगण मौजूद रहे।

# सांप को बचाने के प्रयास में दो बाइको में टक्कर, दंपति सहित चार घायल

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर





**( सांवर वैष्णव ):-** कस्बे में कोटड़ी रोड़ पर सड़क पार कर रहे सांप को बचाने के प्रयास में दो बाइकों में टक्कर हो गई, जिसमें दंपति सहित चार घायल हो गए । दोनों बाइक सवार चलाणिया भेरुनाथ के पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे । जानकारी के अनुसार सवाईपुर से कोटड़ी रोड़ पर जित्यास मार्ग के पास चलने भेरुनाथ जा रहे बाइक सवार कि आगे चल रही बाइक के सामने अचानक सड़क पर सांप आ जाने पर बाइक सवार ने बाइक रोक दी इस पर पीछे से आ रही बाइक आगे चल रही है बाइक से टक्कर हो गई जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए घायलों को सवाईपुर चिकित्सालय लेकर आए जहां बंदा का राजपुरा, बेगूं निवासी राजेश पिता श्याम दास बैरागी उम्र 24 वर्ष व पत्नी सरिता वैष्णव उम्र 23 वर्ष तथा बिहारीपुरा, मांडलगढ़ निवासी मीनाक्षी ओड़ उम्र 6 वर्ष व भंवर ओड़ उम्र 25 वर्ष घायल हो गए, घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया, जहां से राजेश बैरागी को भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया एवं अन्य को घर भेजा गया ।

QUICK BITES

## अंडर-14 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर बना चैंपियन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राजस्थान फुटबॉल संघ एवं जिला फुटबॉल संघ भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 14 वर्षीय बालिका राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में श्रीगंगानगर ने झुंझुनू को 2-0 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष लादूलाल तेली रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद रेखा पुरी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि संघ के चेयरमैन विशिष्ट बिश्नोई एवं राजस्थान फुटबॉल संघ के रफीक सिंधी उपस्थित रहे।


संघ के सचिव कैलाशचंद्र खटीक ने बताया कि पहले सेमीफाइनल में झुंझुनू ने नागौर को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में श्रीगंगानगर ने अजमेर को 2-0 से पराजित किया। तीसरे स्थान के मुकाबले में नागौर ने पेनल्टी शूटआउट में अजमेर को 3-2 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

संघ के प्रवक्ता दीपक खींची ने बताया कि समापन समारोह में लोकेश बुनकर, ओमप्रकाश मूंदड़ा, डालचंद चंदेल, दिनेश सेन, विनोद रूनवाल, शंकर चंदेल, शिवराम खटीक, दुर्गेश जोशी, कैलाशचंद्र कोठारी, सदीक लोहार, चेतन शर्मा, शंकर जीनगर, मिथलेश मारू, महेश शर्मा, रेखा प्रजापत, बसंता खटीक, अशोक खटीक सहित अनेक खेल प्रेमी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सहस्त्रधारा अभिषेक व कलश स्थापना के साथ संपन्न हुआ श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जीर्णोद्धार महोत्सव

**वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए धार्मिक अनुष्ठान, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



कालिंजरी गेट रोड स्थित पुराने जनाना अस्पताल के पास अन्नपूर्णा माताजी मंदिर के सामने स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार महोत्सव का रविवार को सहस्त्रधारा अभिषेक, कलश एवं ध्वजा स्थापना के साथ श्रद्धापूर्ण समापन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

रविवार प्रातः भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव का वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार भव्य सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया। इसके बाद मंदिर शिखर पर कलश एवं ध्वजा स्थापना का शुभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूरे मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इससे पूर्व महोत्सव के दौरान शनिवार को हवन एवं शांति पाठ का आयोजन किया गया था, जिसमें श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर जनकल्याण की कामना की। श्री मंगलेश्वर महादेव मंडली के तत्वावधान में सुंदरकांड पाठ तथा अन्नपूर्णा माताजी भजन मंडली की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत भजन-कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

रविवार को सभी धार्मिक अनुष्ठानों के पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता से जीर्णोद्धार महोत्सव श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उल्लास के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सदाराम जी का खेड़ा में सरस डेयरी दुग्ध संग्रहण केन्द्र शुरू, पशुपालकों को मिलेगी गांव में ही सुविधा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



पंचायत समिति क्षेत्र के सदाराम जी का खेड़ा गांव में भीलवाड़ा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (सरस डेयरी) की ओर से नए दुग्ध संग्रहण केन्द्र का शुभारंभ किया गया। केन्द्र शुरू होने से क्षेत्र के पशुपालकों को अब गांव में ही दूध संग्रहण की सुविधा मिलेगी, जिससे समय की बचत के साथ उन्हें समय पर भुगतान एवं डेयरी की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरस डेयरी के प्रबंध निदेशक त्रिभुवन पाटीदार ने कहा कि डेयरी नेटवर्क के विस्तार से ग्रामीण पशुपालकों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी तथा उन्हें अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। उन्होंने अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादकों से डेयरी से जुड़ने का आह्वान किया।

ग्रामीणों ने सरस डेयरी की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के पशुपालकों के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर रामप्रसाद कुमावत, सांवरमल जाट, दिनेश यादव, श्रीप्रकाश शर्मा, शिवलाल धाकड़, राजू धाकड़, योगेश धाकड़, रामफूल, कन्हैयालाल गुर्जर, हरनाथ गुर्जर सहित सरस डेयरी के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।